## एक नजर में

### तेज रफ्तार ने ली छात्र की जान

इंदौर. राऊ बायपास पर सोमवार रात हुए सड़क हादसे में एक बीबीए छात्र की दर्दनाक मौत हो गई. छात्र अपने दोस्त से मिलने ओमेक्स सिटी जा रहा था. इस दौरान उसकी तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई. सिर में गंभीर चोट लगने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. राऊ पुलिस के अनुसार हादसा ओमेक्स हिल्स के पास हुआ. मृतक की पहचान 19 वर्षीय शशांक पुत्र ओमप्रकाश निवासी सिलीकॉन सिटी के रूप में हुई है. शशांक मूल रूप से रीवा का रहने वाला था और सेज यूनिवर्सिटी से बीबीए सेकेंड ईयर की पढ़ाई कर रहा था. दोस्तों ने बताया कि वह अपने साथी दीपक से मिलने जा रहा था, तभी यह हादसा हो गया. पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दे दी है.

### निर्माणाधीन मकान से गिरे बुजुर्ग की मौत

इंदौर. तिलकनगर क्षेत्र में सोमवार को निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल से गिरने पर 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई. अचानक चक्कर आने के कारण हादसा हुआ. घटना स्कीम नं. 140 तिलकनगर की है, यहां पंचम की फैल में रहने वाला 70 वर्षीय देवीलाल पिता ओंकारलाल अपने परिजन के साथ निर्माणाधीन मकान पर पहुंचे थे. दूसरी मंजिल पर बोरियों के पास बैठे देवीलाल को अचानक चक्कर आया और वे नीचे गिर पड़े. परिजन उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. बेटे आशीष ने बताया कि पिता को अचानक चक्कर आने के कारण हादसा हुआ. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मर्ग कायम किया है और मामले की जांच शुरू कर दी है.

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर ताइक्कांडो प्रतियोगिता



महू. माउंट लिटरा ज़ी स्कूल-महू में राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया. इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में ताइक्कांडो प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन हुआ. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रतिभा पैथोलॉजी, महू के संचालक श्री सरदार मालवीय, पूर्व कैंटोनमेंट पार्षद एवं पूर्व केंटोनमेंट उपाध्यक्ष तथा वरिष्ठ भाजपा नेत्री रचना विजयवर्गीय तथा एनेस्थिस्ट डॉ. सुरेश चौहान उपस्थित रहे. ताइक्कांडो प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का सुंदर परिचय दिया, जिसमें बालिकाओं ने भी उत्तम प्रदर्शन किया. विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथियों द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया. कक्षा सातवीं के छात्र प्रवेश केलोत्रा एवं कक्षा नौवीं की छात्रा ईरा रावत को बेस्ट प्लेयर के पुरस्कार से नवाज़ा गया. रचना विजयवर्गीय ने अपने वक्तव्य में माउंट लिटरा ज़ी स्कूल के विद्यार्थियों को न सिर्फ़ खेलों के प्रति अपना रुझान बढ़ाने के लिए प्रेरित किया बल्कि नशे से दूर रहने के लिए विशेष शपथ भी दिलाई तथा विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम के प्रति जागरूक किया. विद्यालय के चेयरमैन तारिक़ कुरैशी ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया. संचालन विद्यालय की छात्रा दृष्टि अवर तथा आध्या मित्तल ने किया.

### सुगंध दशमी पर्व मनाया, चल समारोह निकला



महू. पर्युषण महापर्व के तहत मंगलवार को दिगम्बर जैन समाज द्वारा सुगंध दशमी पर्व मनाया गया. इस दौरान शाम को नगर में चल समारोह निकला. वहीं मंदिरों में विशेष सजावट की गई. समाज बंधुओ ने सामूहिक रूप से मंदिरों में धूप अर्पित की. शहर के जैन गली स्थित बड़े मंदिरजी, सांघी स्ट्रीट स्थित अजमेरी मंदिरजी, तेरापंथी मंदिरजी व मेन स्ट्रीट चैत्यालय में सुबह सुगंध दशमी पर्व पर नियमित पूजन व अभिषेक हुआ. वहीं शाम को मंदिरों में चांदी के यंत्रों से विशेष सजावट की गई. इसके बाद शाम 5 बजे जैन गली स्थित बड़े मंदिरजी से चल समारोह निकला. इसमें समाजबंधुओ ने चारों मंदिरों में सामूहिक रूप से धूप अर्पित की. शाम को सभी मंदिरों में आरती व भक्ति का आयोजन हुआ.

### भगवान गणेश की बड़ी प्रतिमाएं बढ़ा रही शोभा



महू. अंतिम चरणों में चल रहा गणेश उत्सव पर्व ने शहर भर में धूम मचा रखी है. गणेश उत्सव के दूसरे दिन से ही कहीं भजन संध्या के आयोजन हुए तो वहीं भंडारों का दौर भी शुरू हो चुका है. इतना ही नहीं कई स्थानों पर बने पंडालो पर 56 भोग का प्रसादी लगाकर श्रद्धालुओं में बांटा जा रहा है. मंगलवार को भी गणेश उत्सव के दौरान पूरा बाजार झिलमिलाती रोशनियों से नजर आया. पंडाल को जहां आकर्षित रूप से साज सज्जा की गई, तो वहीं कई स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं को आकर्षित रूप से श्रृंगार भी किया गया. देर शाम को होने वाली आरती के बाद जग-जग प्रसाद का वितरण हुआ. खास तौर पर गणेश उत्सव शहर के मुख्य ड्रीमलैंड चौराहे पर मनाया जा रहा है. यहां बीते कुछ सालों से 21 फीट की भव्य प्रतिमा विराजित की जाती है. जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रहती है. यह प्रतिमा लाल बाग के स्वरूप में विराजित की गई, तो वही आरपीएम चौराहे पर विराजित की गई प्रतिमा विभिन्न रूपों में छोटे-छोटे भगवान विराजित किए गए हैं, जो दर्शन करने वाले आने वाले भक्तों को लुभा रही है. इसके अलावा राज मौहल्ला चौराहे पर नृत्य करते हुए गणेश जी की प्रतिमा विराजित हुई है. इधर मोती महल चौराहा स्थित मोहन मार्ग पर मंगल मूर्ति गणेश मंडली द्वारा लाल बाग के राजा की प्रतिमा को विराजमान किया गया है.

### डॉ. कुलवंत सिंह शेहरी का अकस्मात निधन



महू. पूर्व लेखक, पंजाब सिंध बैंक इंदौर में सेवारत रहे डॉ कुलवंत सिंह शेहरी का मंगलवार को असामयिक निधन हो गया. परिजनों के अनुसार वे नींद में सोते ही रह गए. डॉ शेहरी बहुत अच्छे गायक भी रहे हैं तथा संगीत प्रेमी होकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हमेशा जुड़े रहे हैं. महू बाल महोत्सव में भी उनकी भूमिका रही है और महू में लंबे समय रहते हुए उन्होंने रचनात्मक कार्य भी किए हैं, जिसमें शासकीय कार्यक्रमों में समाज सेवा, बातचीत नामक संस्था में सक्रिय भागीदारी और दीपक जाजू मित्र मंडल के संरक्षण भी रहे हैं। परिजनों के अनुसार उनकी अंत्येष्टि बुधवार सुबह इंदौर में की जाएगी.

# चूहे ने कुतर दिए थे हाथ, नवजात की मौत

- एमवाय एनआईसीयू में लापरवाही का मामला, प्रबंधन ने की कार्रवाई
- नर्सिंग स्टाफ में दो को किया निलंबित, नर्सिंग सुपरिटेंडेंट को हटाया



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** एमवाय अस्पताल के एनआईसीयू में चूहों द्वारा नवजातों को कुतरने की घटना ने मंगलवार को और गंभीर मोड़ ले लिया, जब प्रभावित दो शिशुओं में से एक की मौत हो गई. प्रबंधन ने भले ही मौत का कारण चूहों का हमला मानने से इनकार किया हो, लेकिन लापरवाही की परतें खुलने पर कई जिम्मेदारों पर कार्रवाई की गई है.

ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले जन्म के बाद एनआईसीयू में भर्ती दो नवजातों को चूहों ने कुतर दिया था. इलाज के दौरान मंगलवार को एक शिशु ने दम तोड़ दिया, जबकि दूसरा ऑपरेशन के बाद वेंटिलेटर पर है और उसकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है. अस्पताल प्रशासन का दावा है कि मृतक शिशु का वजन महज 1.2 किलो था, हीमोग्लोबिन बेहद कम था और उसे गंभीर सर्जिकल जटिलताएं थीं. डॉक्टरों के मुताबिक उसकी मौत का कारण सेप्टिसीमिया है, न कि चूहे का काटना. घटना सामने आने के बाद डीन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नर्सिंग सुपरिटेंडेंट मारग्रेट जोजफ को हटाया, नर्सिंग ऑफिसर आकांक्षा बेंजामिन और श्वेता चौहान को निलंबित कर दिया. सहायक प्रभारी कलावती बलावी और प्रभारी नर्सिंग ऑफिसर प्रवीणा सिंह सहित कई जिम्मेदारों को नोटिस जारी किया गया है. साथ ही पेस्ट कंट्रोल की जिम्मेदारी संभालने वाली आउटसोर्स एजाइल कंपनी पर एक लाख रुपये का जुर्माना ठोका गया है. इस बीच चिकित्सा स्वास्थ्य आयुक्त ने भी डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. मामले की जांच के लिए पांच डॉक्टरों और एक नर्सिंग ऑफिसर की उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है, जो एक हफ्ते में रिपोर्ट सौंपेगी.

> **जिम्मेदारों को बख्शा नहीं जाएगा**
>
> अस्पताल परिसर में चूहों की मौजूदगी को लेकर स्टाफ भी दहशत में है. खुद कर्मचारियों ने माना कि एनआईसीयू में कई दिनों से बड़ा चूहा सक्रिय है. डीन ने दावा किया कि नियमित पेस्ट कंट्रोल होता है और बारिश के कारण हाल में चूहों की समस्या बढ़ी है. फिर भी वार्ड में चूहों की सक्रियता की जानकारी छिपाने पर जिम्मेदारों को बख्शा नहीं जाएगा.

# कांग्रेस पार्षद कादरी के खिलाफ फर्जी आर्म्स लाइसेंस का केस दर्ज

- सदर बाजार पुलिस ने उजागर किया नया मामला, गिरफ्तारी की तैयारी



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं. सदर बाजार पुलिस ने उनके खिलाफ फर्जी आर्म्स लाइसेंस के मामले में एक और केस दर्ज किया है. घर से बरामद लाइसेंस की जांच में यह फर्जी निकला.**

कादरी के पास 12 बोर बंदूक का लाइसेंस था, जो जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले से जारी बताया गया और कठुआ जिले से रिन्यू भी कराया था. जांच में सामने आया कि लाइसेंस का यूआईडी नंबर फर्जी है. इस पर वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी देने के बाद एफआईआर दर्ज की है. अनवर कादरी फिलहाल बाणगंगा पुलिस की रिमांड पर हैं, जहां उनसे फर्जी सिम कार्ड और फरारी के दौरान की गतिविधियों को लेकर पूछताछ की जा रही है. पुलिस अब उनकी बेटी से भी प्रोडक्शन रिमांड पर पूछताछ कर सकती है. मामले में सदर बाजार पुलिस का कहना है कि फर्जी लाइसेंस मामले में भी कादरी की गिरफ्तारी की जाएगी.

# डकैती की साजिश नाकाम

- आकाश नगर में हथियारों के साथ गिरोह दबोचा

इंदौर. द्वारकापुरी पुलिस ने सोमवार तड़के बड़ी कार्रवाई करते हुए डकैती की योजना बना रहे गिरोह को रंगे हाथ दबोच लिया. पक्षी विहार के सामने निर्माणाधीन भवन में दबिश देकर पुलिस ने आठ से अधिक आरोपियों को पकड़ा. उनके पास से तलवार, लोहे का सटूर, रॉड, मिर्च पाउडर के पैकेट और एक ईको वैन बरामद की गई.

थाना प्रभारी राहुल सिंह राजपूत ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में मंदसौर, देवास और रतलाम जिले के बदमाश शामिल हैं. इनमें जितेंद्र सिंह, जागरण उर्फ़ चीकू झाला, नवीन चौहान, संजय जेसवाल के साथ ही कंजर गैंग के सदस्य रामलाल, फुंदिया, संतोष और गोलू कंजर के नाम सामने आए हैं. पुलिस ने सभी के खिलाफ बीएनएस की धारा और आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है. गिरोह इंदौर और आसपास के इलाकों में बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी कर रहा था. समय रहते मिली सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई से संभावित डकैती टल गई. फिलहाल सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है.

# विदेश घूमने गए कारोबारी की कार्डिएक अरेस्ट से मौत

- इंडोनेशिया से शव लाने में परिजनों हो रहे परेशान

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. हनीमून मनाने इंडोनेशिया गए शहर के एक कारोबारी की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई. घटना दूरवर्ती इलाके में हुई, जहां समय पर अस्पताल की सुविधा न मिलने से उनकी जान नहीं बच सकी. परिजन अब शव को इंदौर लाने के लिए दूतावास और एयरलाइंस से लगातार प्रयास कर रहे हैं.**

जानकारी के अनुसार कारोबारी अपनी पत्नी के साथ 25 अगस्त को हनीमून के लिए बाली गए थे, वे 6 सितंबर को लौटने वाले थे. घटना के समय दंपती जिली आइलैंड में ठहरे थे. सुबह पत्नी ने देखा कि पति में कोई हलचल नहीं है. पहले उन्हें नींद समझा गया, लेकिन बाद में होटल स्टाफ को बुलाने पर स्थिति गंभीर निकली. अस्पताल दूर होने के कारण जब तक वे पहुंचे, तब तक कारोबारी की मौत हो चुकी थी. आशंका है कि उन्हें नींद में ही



कार्डियक अरेस्ट आया. दिसंबर में ही विवाह हुआ था और यह दंपती का पहला विदेश दौरा था. मौत की खबर मिलते ही परिवार के चार सदस्य बाली पहुंच गए हैं. परिजनों का आरोप है कि भारतीय दूतावास से अपेक्षित मदद नहीं मिल रही, जिसके कारण शव लाने की प्रक्रिया में देरी हो रही है. कई एयरलाइंस से संपर्क करने के बाद फिलहाल थाई एयरलाइंस ने शव लाने की अनुमति दी है, हालांकि उनके भी नियम कड़े बताए जा रहे हैं. सिस्टम की जटिलताओं के बीच परिवार हर संभव प्रयास कर रहा है कि जल्द से जल्द शव को इंदौर लाया जा सके.

# पारिवारिक विवाद में हुई हत्या का पर्दाफाश, फरार आरोपी गिरफ्तार

- मामला ग्राम बरलाई जागीर का



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** क्षिप्रा पुलिस ने महज तीन दिनों में हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए आरोपी को दबोच लिया. मामला ग्राम बरलाई जागीर का है, जहां पारिवारिक विवाद के चलते 55 वर्षीय प्रकाश यादव की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी. घटना के बाद से आरोपी फरार था, जिसे मंगलवार देर शाम पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया.

क्षिप्रा थाना प्रभारी कैलाश सोलंकी ने बताया कि 30 अगस्त की रात फरियादिया सीताबाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पति प्रकाश यादव को आरोपी रामेश्वर यादव ने कहासुनी के दौरान सीने पर चाकू मार दिया. गंभीर रूप से घायल प्रकाश को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. इस पर पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की. घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण यांगचेन डोलकर भूटिया, एएसपी रूपेश द्विवेदी और एसडीओपी सांवेर प्रशांत भदौरिया के निर्देशन में थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई. लगातार प्रयासों और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से पुलिस ने आरोपी का पता लगाया. 2 सितंबर को साइबर सेल व सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी रामेश्वर को पकड़ लिया. उसके कब्जे से हत्या में प्रयोग किया चाकू भी बरामद कर लिया. पूछताछ में आरोपी ने बताया कि घरेलू विवाद के चलते प्रकाश उससे सुलह की बात करने आया था.

जाने के लिए कहने पर भी जब वह नहीं माना तो गुस्से में आकर उसने वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई. पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया.

# इंस्टाग्राम फ्रेंड रिक्वेस्स्ट के जाल में फंसा युवक

- फर्जी प्रोफाइल बनाकर बायपास पर बुलाया
- 50 हजार रुपए ऐंठे; तीन आरोपी गिरफ्तार



नव भारत न्यूज

इंदौर. सोशल मीडिया के जरिये ठगी करने वाले गिरोह को तेजाजी नगर पुलिस ने पकड़ा है. आरोपियों ने एक युवती के नाम से इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाई और युवक से दोस्ती कर उसे बायपास पर मिलने बुला लिया. वहां उसे डरा-धमकाकर अकाउंट से 50 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए. पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर तीनों की पहचान कर सोमवार देर रात उन्हें गिरफ्तार कर लिया.

तेजाजी नगर थाना प्रभारी देवेंद्र मरकाम ने बताया कि लवकुश कॉलोनी निवासी राहुल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि इंस्टाग्राम पर उसकी पहचान प्रिया ठाकुर नाम की युवती से हुई थी. लगातार चैटिंग के बाद युवती ने मिलने के लिए बायपास के सुनसान इलाके में बुलाया. वहां तीन युवक पहले से मौजूद थे. पंकज पुत्र सुंदरलाल खातकर निवासी लसूडिया, यश पुत्र सोलंकी निवासी निरंजनपुर और विजेंद्र धरीधक्ष गुप्ता, जो उत्तर प्रदेश का रहने वाला है, तीनों ने राहुल को डराकर तुरंत ऑनलाइन ट्रांसफर के जरिये 50 हजार रुपए ले लिए. पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया.

> **बाइक, मोबाइल व नगदी बरामद**
>
> पुलिस उनके पास से एक बाइक, मोबाइल और नकदी बरामद कर चुकी है. जांच अधिकारी के मुताबिक, विजेंद्र उत्तर प्रदेश का और पंकज बेतूल का रहने वाला है. पुलिस अब यह पता लगा रही है कि उन्होंने इसी तरीके से और कितने लोगों को निशाना बनाया है.

# छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**इंदौर. लसूडिया इलाके में एक छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी. फिलहाल आत्महत्या के कारण पता नहीं चल सका है.**



रुचि सोया फैक्ट्री के पीछे रहने वाली 20 वर्षीय तनीषा पिता राकेश हिरवे ने आज सुबह अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी. परिजन उसे फंदे से उतार कर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. बताया जा रहा है कि तनीषा कॉलेज में फर्स्ट ईयर की छात्रा थी उसके पिता रुचि सोया में नौकरी करते है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है.

# सलमान लाला की मौत के बाद पुलिस अलर्ट

- सोशल मीडिया फॉलोअर्स की कुंडली खंगाल रही क्राइम ब्रांच

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. तालाब में डूबकर गैंगस्टर सलमान लाला की मौत के बाद पुलिस ने अब उसके नेटवर्क और सोशल मीडिया फॉलोअर्स पर नजरें टिका दी हैं. क्राइम ब्रांच ने उन युवकों की जानकारी जुटाना शुरू कर दी है, जो गैंगस्टर की रील बनाकर सोशल मीडिया पर डाल रहे थे.**

क्राइम ब्रांच सूत्रों के मुताबिक सलमान लाला के सोशल मीडिया फैन फॉलोअर्स की कुंडली खंगाली जा रही है. उसकी मौत के बाद कई युवकों ने इंस्टाग्राम और अन्य प्लेटफॉर्म पर वीडियो और रीलें पोस्ट कीं, जिन पर पुलिस ने बारीकी से निगरानी शुरू कर दी है. सोमवार को हुए सलमान के अंतिम संस्कार में



भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए थे. पुलिस ने वहां मौजूद संदिग्ध और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की पहचान कर उनकी गतिविधियों पर नजर रखना शुरू कर दिया है. खास बात यह रही कि सीहोर से भोपाल और भोपाल से इंदौर तक समर्थकों का काफिला शवयात्रा और पुलिस वाहन के पीछे-पीछे चलता रहा. इस दौरान पुलिस को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ी. सूत्रों का कहना है कि पुलिस कस्टडी में सलमान के भाई और करीबियों से लगातार पूछताछ हो रही है. अब तक उनसे हथियारों और ड्रग तस्करी से जुड़े नेटवर्क के बारे में पूछताछ की गई है. जांच में नेटवर्क से जुड़े कुछ और नाम सामने आए हैं, जिन पर कार्रवाई के लिए विशेष टीमें लगा दी गई हैं.

**समस्या** ▶ मामला वार्ड 64 के अभिनव नगर का

# नलों में नहीं आ रहा पानी, रहवासी हैं परेशान



**इंदौर. पानी की पूर्ति को लेकर एक तरफ नगर निगम द्वारा दावा किया जाता है वहीं दूसरी ओर शहर के अधिकांश क्षेत्रों में पानी की सप्लाई ही नहीं हो रही. जहां लोग पानी की किल्लत उठा रहे हैं वहीं नगर निगम अधिकारी चैन की नींद सो रहे हैं.**


पालदा रिंग रोड से लगा हुआ अभिनव नगर जो कि वार्ड क्रमांक 64 में आता है. अभिनव नगर में कई वर्षों पहले नर्मदा पानी की लाइन डाली गई थी. इसी के साथ ही घर-घर नल कनेक्शन भी दिए गए थे, जिसके बिल नियमित तौर पर यहां के रहवासी भरते आ रहे हैं. अभिनव नगर से थोड़ा अंदर जाते ही पानी की किल्लत को लेकर कई क्षेत्रवासियों ने जानकारी देते हुए बताया कि अभिनव नगर के अंदर वाले क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से नर्मदा लाइन में पानी नहीं आ रहा. कई बार शिकायत की गई. कई बार नगर निगम कर्मियों द्वारा पॉइंट चेक करने के लिए खुदाई भी की गई लेकिन आज तक त्रुटि का पता नहीं चल पाया. क्षेत्र में पानी की कीमत बढ़ गई जिसके बाद सरकारी बोरिंग किया गया लेकिन यहां बोरिंग भी गर्मियों के चार महीने क्षेत्र वासियों को पानी नहीं दे पाता. ऐसे में लोगों को निजी पानी के टैंकर या फिर नगर निगम के पानी के टैंकर पर निर्भर रहना पड़ता है. लोग चाहते हैं कि उन्हें भी नर्मदा पानी मिले.

### इनका कहना है...



कॉलोनी की पहली गली में अच्छा पानी आता है. लेकिन कम कम प्रेशर होने के कारण हमें नर्मदा का पानी नहीं मिल पाता. बोरिंग खराब हो जाता है तो मुसीबत और बढ़ जाती है.

**- दीपक खजुरिया**



कई वर्षों से पानी नहीं मिल रहा है. लाइन को जब चेक करवाया गया तो पता चल आगे से ही पानी का प्रेशर नहीं दे दिया जाता निगम को इस पर ध्यान देना चाहिए.

**- प्रकाश नागर**



निगम पानी की पूर्ति का दावा करती है लेकिन नहीं कर पाती. दूसरे क्षेत्रों में पानी दिया जा रहा है. इस तरह हमें भी नर्मदा का पानी देकर हमारी समस्या का निराकरण करना चाहिए.

**- प्रेम नारायण डांगी**